| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Nava Bharat | Indore | 03.08.2024 |

# मराल ओवरसीज़ लिमिटेड

सीआईएनः L17124MP1989PLC008255
**पंजीकृत कार्यालयः** मराल सरोवर, ग्राम एवं पोस्ट खलबुर्जुग, तहसील कसरावाद
जिला खरगोन – 451 660, (मध्य प्रदेश)
फोनः +91 – 7285–265401, 265405, फैक्सः +91 – 7285–265406
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** भीलवाड़ा टॉवर्स, ए–12 सेक्टर–1, नोएडा – 201 301, उत्तर (प्रदेश)
फोनः +91–120–4390300 (EPABX), फैक्सः +91–120–4277841
ईमेलः **maral.investor@lnjbhilwara.com**; वेबसाइटः **www.maraloverseas.com**

## वार्षिक आम बैठक (35वीं एजीएम), रिमोट ई–वोटिंग/ ई–वोटिंग तथा पुस्तक बंदी की सूचना

25 जुलाई, 2024 को जारी किए गए हमारे अखबार के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मराल ओवरसीज़ लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों का 35वीं एजीएम मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 को अपराह्न 2:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से, एजीएम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 35वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य एवं विशेष व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित किया जाएगा। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांकित 25 सितम्बर, 2023 के साथ पठित इस संबंध में एमसीए द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (इसके पश्चात् "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD- PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांकित 7 अक्टूबर, 2023 के साथ पठित सेबी द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (इसके पश्चात् "सेबी परिपत्र" के रूप में संदर्भित) (एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्रों को सामूहिक रूप से "लागू परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में, एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

35वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, शुक्रवार, 2 अगस्त, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को प्रेषित कर दी गई हैं, जिनके पास शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 तक शेयर प्रतिरक्षित हों तथा जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को प्रदान की जाएगी जो इसके लिए **maral.investor@lnjbhilwara.com** पर अनुरोध करेंगे।

ई–वोटिंग की कट–ऑफ तारीख अर्थात् **मंगलवार 20 अगस्त, 2024** को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("रिमोट ई–वोटिंग") के माध्यम से 35वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित अनुसार साधारण एवं विशेष व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः–

i) कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु वार्षिक रिपोर्ट के साथ 35वीं एजीएम की सूचना का प्रेषण **शुक्रवार, 2 अगस्त, 2024** को पूरा कर लिया है;

ii) 35वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित साधारण एवं विशेष व्यवसायों का सम्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा किया जाएगा;

iii) रिमोट ई–वोटिंग **शनिवार, 24 अगस्त, 2024 को 9:00 बजे पूर्वाह्न** (आईएसटी) आरम्भ होगीय तथा **सोमवार, 26 अगस्त, 2024 को 5:00 बजे अपराह्न** (आईएसटी) समाप्त होगी;

iv) ई–वोटिंग अथवा 35वीं एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु कट–ऑफ तिथि **मंगलवार, 20 अगस्त, 2024** है;

v) कोई भी व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर खरीदता है और कम्पनी द्वारा ईमेल के माध्यम से 35वीं एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है एवं **मंगलवार 20 अगस्त, 2024** ("कट–ऑफ तारीख") तक शेयर प्रतिरक्षित रखता है, वह **evoting@nsdl.co.in** पर एनएसडीएल को या कम्पनी के ईमेल पते **maral.investor@lnjbhilwara.com** पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है;

vi) सदस्य कृपया ध्यान दें किः **क)** मतदान हेतु उपर्युक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिए जाने के पश्चात्, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगीय **ख)** जिन सदस्यों ने 35वीं एजीएम की तिथि से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला हो, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 35वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं, परन्तु 35वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगेय **ग)** 35वीं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला हो, वे 35वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने हेतु अधिकृत होंगे एवं **(घ)** वह व्यक्ति जिसका नाम ई–वोटिंग हेतु कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हो, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 35वीं एजीएम में भाग लेने तथा 35वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग करने हेतु अधिकृत होगा।

vii) 35वीं एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.maraloverseas.com**, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर तथा एनएसडीएल (एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

viii) किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (FAQS) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के मामले में, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल से निर्दिष्ट ईमेल आईडीः **evoting@nsdl.co.in** पर संपर्क करें।

ix) जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपने ईमेल पते पंजीकृत करा लें:

क. भौतिक रूप शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया फॉर्म ISR-1 में हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र, जिसमें आपका फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (सामने और पीछे), पूरा पता, पंजीकृत किए जाने वाले ईमेल पते के साथ–साथ पैन की स्व–सत्यापित प्रति का उल्लेख हो, एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड ("आरटीए") को एफ–65, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020 पर भेजें।

ख. डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपना ईमेल पता अद्यतनित करें।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ हेतु जारी की जा रही है एवं यह उक्त लागू परिपत्रों के अनुपालन में है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते मराल ओवरसीज़ लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**संदीप सिंह**
**कम्पनी सचिव व अनुपालन अधिकारी**
**सदस्यता संख्या एफसीएस – 9877**

**स्थान : नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांक : 2 अगस्त, 2024**